# पर्यटन अध्ययन

## बीटीएस
## द्वितीय वर्ष

# सत्रीय कार्य पुस्तिका
# (2023)

## टीएस–4 और टीएस–5

पर्यटन एवं आतिथ्य सेवा प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

# बीटीएस सत्रीय कार्य

## पर्यटन अध्ययन सत्रीय कार्य

प्रिय विद्यार्थी,

आपको पर्यटन अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक अध्यापक जांच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना है।

हम आपको टीएस–4 और टीएस–5 के सत्रीय कार्य भेज रहे हैं।

नोटः **सभी सत्रीय कार्यों को समय पर अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें। अपने सत्रीय कार्य के मुख पृष्ठ पर अपनी नामांकन सं., नाम, पता, सत्रीय कार्य कोड एवं अध्ययन केंद्र कोड लिखें।**

**जमा कराए गए सत्रीय कार्य के बदले में अपने अध्ययन केंद्र से उसकी रसीद प्राप्त कर लें। यदि संभव हो तो सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास रखें।**

मूल्यांकन के बाद, अध्ययन केंद्र द्वारा आपको सत्रीय कार्य वापस भेजा जाना अपेक्षित है। कृपया इसके लिए अनुरोध करें और रिकॉर्ड के रूप में इसे अपने पास रखें। अध्ययन केंद्र सत्रीय कार्यों के अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजता है।

### सत्रीय कार्य करने के लिए निर्देश

हम आपसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों के बीच देने अथवा जैसा सत्रीय कार्य में उल्लेख किया गया है, के अनुसार देने की आशा करते हैं। निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना आपके लिए उपयोगी होगाः

1) **योजना बनाना :** सत्रीय कार्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। उन इकाइयों का अध्ययन करें जिन पर ये सत्रीय कार्य आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ बातें नोट कर लें और तत्पश्चात उन्हें तर्कसंगत क्रम से व्यवस्थित करें।

2) **संगठन :** अपने उत्तरों की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले उनके चयन और विश्लेषण पर थोड़ा अधिक ध्यान दें। निबंध जैसे किसी प्रश्न का उत्तर देते समय प्रस्तावना और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। यह सुनिश्चित करें किः
   - क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है।
   - ख) उत्तर के वाक्यों और अनुच्छेदों/पैराग्राफों के बीच स्पष्ट संबंध है।
   - ग) आपने अपनी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति को उपयुक्त महत्व देते हुए उत्तर सही–सही लिखा है।

3) **प्रस्तुति :** जब आपको अपने उत्तर संतोषजनक लगें तो आप उन्हें भेजने के लिए अंतिम रूप देकर लिख लें। प्रत्येक उत्तर स्पष्ट रूप से लिखें और जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित करें।

शुभकामनाओं सहित,

डॉ.अरविन्द कुमार दुबे
**कार्यक्रम संयोजक, बीटीएस**

### सत्रीय कार्य जमा कराने की अनुसूची

| अनिवार्य पाठ्यक्रम | जनवरी 23 सत्र के लिए अंतिम तिथि | जुलाई 23 सत्र के लिए अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| टीएस–4 | अप्रैल 15, 2023 | अक्तूबर 15, 2023 |
| टीएस–5 | अक्तूबर 15, 2023 | अप्रैल 15, 2024 |

टी एस –4 : भारतीय संस्कृति : पर्यटन के लिए परिपेक्ष्य
(अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोड : टीएस–4 कार्यक्रम : बीटीएस
कुल अंक : 100 सत्रीय कार्य कोड : टीएस–4/टीएमए/2023

---

नोट : इस टीएमए में दस प्रश्न हैं, जिनमें से आपको किन्हीं पाँच प्रश्नों को हल करना है। प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक हैं और प्रत्येक का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दिया जाना चाहिए। अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को भेजें।

---

1 ''पुरातात्विक स्थल'' क्या है? पुरातात्विक स्थलों के पर्यटन महत्व पर चर्चा कीजिए। 20

2 पर्यटन और संस्कृति कैसे अपास में जुड़े हुए है? उपयुक्त उदाहरण देकर अपने उत्तर को प्रमाणित करें। 20

3 ''विश्व धरोहर स्थलों'' का क्या अर्थ है? **पाँच** विश्व धरोहर स्थलों की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 20

4 ''विश्व धरोहर स्थल घोषणा'' पर एक निबंध लिखिए। 20

5 20वीं शताब्दी के शुरूआती वर्षों के दौरान संगीत की वृद्धि और विकास पर चर्चा करें। 20

6 पर्यटन विपणन में सिनेमा की क्या भूमिका है? उपयुक्त उदाहरण दीजिए। 20

7 निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 2x10=20

क) अनेकता में एकता

ख) समकालिक परंपरा

8 संग्रहालय के लेखों का अधिग्रहण करने के विभिन्न तरीकों का वर्णन करें। 20

9 भारतीय वेशभूषा के कुछ मुख्य रूपों का वर्णन कीजिए। उदाहरण दीजिए। 20

10 निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 2x10=20

क) विरासत का संरक्षण

ख) आधुनिक चित्र

टीएस –5 : पारिस्थितिकी, पर्यावरण और पर्यटन
(अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोड : टीएस–5 | कार्यक्रम : बीटीएस
कुल अंक : 100 | सत्रीय कार्य कोड : टीएस–5/टीएमए/2023

---

नोट : इस टीएमए में दस प्रश्न हैं, जिनमें से आपको किन्हीं पाँच प्रश्नों को हल करना है। प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक हैं और प्रत्येक का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दिया जाना चाहिए। अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को भेजें।

---

1. अजैविक पर्यावरण से आप क्या समझते हैं? प्रत्येक अजैविक कारक की सूची बनाएं और समझाएं। 20
2. पारिस्थितिक तंत्र में ''ऊर्जा के प्रवाह'' की व्याख्या करें और ट्रॅफिक लेवल (Trophic Level) के माध्यम से ऊर्जा हस्तांतरण के प्रभावों पर प्रकाश डालें। 20
3. हमारे पर्यावरण पर प्रदूषण के कारण और प्रभाव की चर्चा कीजिए। उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। 20
4. साहसिक (Adventure) खेलों से आप क्या समझते हैं? पर्यावरण पर साहसिक खेलों के प्रभाव और प्रतिकूल प्रभावों को कम करने की पहल पर चर्चा करें। 20
5. निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट करें : 4 x 5=20

   क) धीमा परिवर्तन और तेज़ परिवर्तन

   ख) मीठे पानी के बायोम और समुद्री बायोम

   ग) सहभोजिता और परजीवीवाद

   घ) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन और उष्णकटिबंधीय वर्षा वन

   च) ट्रांस–हिमालय और हिमालय क्षेत्र
6. पर्यटन उद्देश्यों के लिए तटीय क्षेत्रों का विकास करते समय विचार किए जाने वाले विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों पर चर्चा कीजिए। 20
7. 'जीव समुदाय' शब्द से आप क्या समझते हैं? उदाहरणों की सहायता से एक जैविक समुदाय के सदस्यों के बीच अन्योन्यक्रियाओं की व्याख्या कीजिए। 20
8. उत्तरदायी पर्यटन को परिभाषित कीजिए। उत्तरदायित्वपूर्ण पर्यटन विकास में सरकारी उद्योग और स्थानीय समुदाय की भूमिका की व्याख्या कीजिए। 20
9. उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से पर्यटन के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आर्थिक लाभों की चर्चा कीजिए। 20
10. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए: 2X10= 20

    क) बायोम

    ख) संसाधन विभाजन

    ग) पर्यटन के लिए जैव विविधता का महत्व